卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 63 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦10 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सभी एक परमपिता की संतान–माता सुदीक्षा

### रूद्रपुर स्थित मोदी मैदान में आयोजित निरंकारी मिशन के सत्संग में पहुंचे हजारों भक्त







रूद्रपुर(उद संवाददाता)। समाज में नि:स्वार्थ भावना से किया गया कार्य ही सच्चा कार्य है। निरंकारी मिशन का उद्देश्य निरंकार प्रभु से खुद को आत्मसात करते हुए प्रतिपल पूर्ण समर्पित भाव से एक भक्ति भरा जीवन जीना है। यह बात निरंकारी माता सुदीक्षा महाराज ने यहां मोदी मैदान में आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोई भी सामाजिक कार्य करने से पहले हमें अपने अंदर इंसानियत को जागृत करना होगा। एक अच्छा इंसान बनने के लिए हर व्यक्ति में इंसानियत का होना आवश्यक है। माता सुदीक्षा ने कहा कि संत निरंकारी मिशन काई धर्म या सम्प्रदाय नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक विचारधारा है। संत निरंकारी मिशन विभिन्न विचार धाराओं में आस्था रखने वाले संसार के सभी इंसानों का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि ईवर का बोध अर्थात ब्रह्म ज्ञान सर्व श्रेष्ठ ज्ञान है। मानव शरीर पाकर भी परमात्मा से अनभिज्ञ रहना वास्तव में मानव के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि प्रेम भक्ति से ही परमात्मा को पाया जा सकता है। कोई पराया नहीं है, कोई ऊंचा और नीचा नहीं है। सभी एक परमपिता की संतान हैं। माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि अहंकार का त्याग करें। परमात्मा को अपने मन में बसायें। जिससे अवगुण ( **शेष पृष्ठ सात पर** )

## आठ बरातियों की कार में जलकर मौत

### डंपर से टकराने के बाद धमाके के साथ कार में भड़की आग, नहीं खुला सेंट्रल लॉक

बरेली(उद ब्यूरो)। जनपद बरेली के भोजीपुरा इलाके में नैनीताल हाईवे पर शनिवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। भोजीपुरा थाने से कुछ दूरी पर डंपर से टकराने के बाद एक कार में आग गई, जिससे उसमें सवार सभी आठ बरातियों की दर्दनाक मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक, शादी समारोह में शामिल होने के बाद सभी लोग बहेड़ी लौट रहे थे । रात तकरीबन पौने 12 बजे भोजीपुरा थाने से डेढ़ किमी आगे दभौरा गांव के पास अचानक कार का टायर फट गया। इससे कार अनबैलेंस होकर डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी लेने की सड़क पर पहुंच गई और सामने बहेड़ी की ओर से आ रहा डंपर उससे टकरा गया। डंपर से टक्कर के बाद कार करीब 25 मीटर तक कार घिसटती रही और इस दौरान धमाके के साथ कार में आग लग गई । सेंट्रल लॉक बंद होने से कार का दरवाजा नहीं खुला, जिससे किसी को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला। जिंदा जलकर कार सवार आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहले पुलिस और करीब आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंची, तब तक कार सवारों की बुरी तरह जलकर मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद डंपर ( **शेष पृष्ठ 7 पर** )



## सुखदेव के दो हत्यारे दबोचे

जयपुर(उद ब्यूरो)। राजस्थान का बहुचर्चित सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड मामले में बड़ी खबर आपको बता दें की दिल्ली पुलिस और राजस्थान पुलिस ने मिलकर बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनो हत्यारों को चंडीगढ ( **शेष पृष्ठ सात पर** ) से गिरफ्तार कर लिया है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के मामले में पुलिस ने फरार दोनों शूटर्स को पकड़ने में सफलता हासिल की है. राजस्थान और दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम



## ट्रेन से कटकर रूद्रपुर के दो युवकों की मौत

### गंभीर रूप से घायल युवक की जेब से मिले नशे के इंजेक्शन

रूद्रपुर/किच्छा (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलभट्टा थाना क्षेत्र में गौला रेलवे पुल पर ट्रेन से कटकर दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उनका तीसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से नशे के कई इंजेक्शन बरामद किये। सभी मृतक व घायल युवक रूद्रपुर के निवासी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार आदर्श कालोनी बालाजी मंदिर रोड़ निवासी 26 वर्षीय तपस्वी पुत्र स्व. सुनील कुमार, ग्राम डिबडिबा, बिलासपुर निवासी 19 वर्षीय रोहित तथा यहीं का निवासी 24वर्षीय योगेश गत देर सायं एक विवाह समारोह में शामिल होने की बात कहकर घर से गये थे। रात्रि में किसी व्यक्ति द्वारा पुलभट्टा थाना पुलिस को सूचना दी गई कि गौला रेलवे पुल पर तीन युवक गंभीर रूप से घायलावस्था में पड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुचे। तत्काल उन्हें चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीसरे युवक का उपचार शुरू किया। मृतक व घायल युवकों की शिनाख्त के लिये पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो घायल युवक की जेब से नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने इंजेक्शन कब्जे में लेकर घायल युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता योगेश निवासी ग्राम डिबडिबा तथा साथियों के नाम ( **शेष पृष्ठ सात पर** )

## नहीं रूक रही कबूतरबाजी,लाखों की ठगी

स्द्रपुर(उद संवाददाता)। एक व्यक्ति के पुत्र को विदेश कनाडा भेजने के नाम पर कुछ लोगों द्वारा लाखों रूपये की ठगी कर ली गई। कोर्ट के आदेश पर मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में निशान सिंह पुत्र रौनक सिंह निवासी ग्राम भगना डांडी पोस्ट डुन्डा शुमाली थाना बहेडी, जिला बरेली ने जीतेन्द्र सिंह पुत्र कुलदीप सिंह, सतेन्द्र सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासीगण भोलापुर, थाना बिलासपुर, रामपुर, जसपाल सिंह पुत्र सुखविन्दर सिंह निवासी सिसईया, सितारगंज के विरूद्ध कहा है कि उसने अपने पुत्र पवनदीप सिंह को कनाडा भेजने हेतू द वर्ल्ड ओवरसीज के पार्टनर्स जीतेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, जसपाल सिंह से सम्पर्क किया जिनका कार्यालय गावा चौक रूद्रपुर में स्थित है। वर्तमान में उक्त लोगो द्वारा अपनी फर्म का नाम द वर्ल्ड ओवरशीज से बदल कर क्रौस वे इम्मीग्रेशन रख दिया है। उक्त व्यक्तियो द्वारा यह बताया गया कि कनाडा में फार्मेसी से सम्बन्धित काफी नौकरियां हैं और उसका पुत्र आसानी से कनाडा में 4 से 5 लाख रूपये कमा सकता है इसे स्टडी वीजा के तहत कनाडा भेज कर वहां पर सैटल करा देंगे। उन्होंने कनाडा भेजने का खर्चा 15 लाख रूपये बताया जिस पर उसने हामी भर दी गई। निशान सिंह का कहना है कि उसने 1 सितम्बर 2021 को 24,998 रूपये जसपाल सिंह के खाते में डाल दिये। 18 मई 2022 को 1,37,000 रूपये जीतेन्द्र, सतेन्द्र व जसपाल सिंह को नगद दिये तथा उपरोक्त लोगो के कहने पर 5,96,173 रूपये जीआईसी कालेज हेतु जमा कर दी। उसके पुत्र ने बीफार्मा उत्तराखण्ड टैक्निकल यूनीवर्सिटी से कर रखा है तथा वर्तमान में उत्तर प्रदेश फार्मा काउसिंल मे पजीकृत है। पुत्र ने जीतेन्द्र, सतेन्द्र व जसपाल को अपने सम्पूर्ण शैक्षणिक प्रमाण ( **शेष पृष्ठ सात पर** )



# उत्तराखंड में दैवीय शक्ति के साथ डेवलपमेंट को धामी सरकार ने किया साकार : शाह

देहरादून(उद संवाददाता)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह के अवसर पर देवभूमि उत्तराखण्ड को नमन करते हुए कहा कि यह केवल डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड का ही समारोह नहीं है, बल्कि कई नई चीजों की शुरूआत भी है। उन्होंने कहा कि 02 लाख करोड़ के करारों के लक्ष्य के सापेक्ष ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राज्य में साढ़े तीन लाख करोड़ से अधिक के करार हुए हैं, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड के शासन और प्रशासन को बधाई दी। उत्तराखण्ड को ईको फ्रेंडली तरीके से किस प्रकार से उद्योग जगत के साथ भी जोड़ा जा सकता है, इसका एक मजबूत उदाहरण समग्र विश्व के सामने बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्वास के साथ कहा है कि यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। यह ऐसा स्थान है, जहां विकास और दैवीय शक्ति साथ में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने इसके साथ परफोर्मेंस को भी जोड़ा है। सिलक्यारा टनल से 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं निगरानी के साथ ही मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में श्रमिकों को सुरक्षित निकालने का सराहनीय कार्य किया गया। उन्होंने



कहा कि उत्तराखण्ड राज्य अटल जी ने बनाया और मोदी जी ने इसे संवारा है। उनके नेतृत्व में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तराखण्ड को अलग राज्य बनाने का उद्देश्य यही था कि राज्य का तेजी से विकास हो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह का देवभूमि उत्तराखण्ड की जनता की ओर से स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में आंतरिक सुरक्षा मजबूत होने के साथ ही सहकारिता क्षेत्र में भी भारत 'सहकार से समृद्धि'' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 'डेस्टिनेशन उत्तराखंड'' का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। आज इसके समापन समारोह में अमित शाह उपस्थित हैं। आज उत्तराखण्ड प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है तथा उनके विजन के अनुरूप ही हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन की सफलता में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा रही है। निवेशक सम्मेलन को सफल बनाने में निवेशकों, केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों ने भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर इस सम्मेलन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग एवं योगदान दिया। इस दौरान मुख्य सचिव डॉ. एस.एस संधू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हाउस आफ हिमालयाज का शुभारंभ कर अंत्योदय के विकास की नई उम्मीद को आगे बढ़ाया है। स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को एक वैश्विक स्तर का मंच मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वेडिंग इन उत्तराखंड की बात कही थी उनके इस कथन से प्रदेशवासियों में उत्साह का माहौल है। पिछले 06 माह में प्रदेश में 30 नई नीतियों बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि निवेशकों का उत्साह उत्तराखण्ड के प्रति निरंतर बढ़ रहा है।

## प्रदेश में अब तक 3 लाख 50 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू साईन हुए और 44 हजार करोड़ की ग्राउंडिंग

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दूसरे दिन समापन के बाद मीडिया सेंटर में सचिव मुख्यमंत्री, डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम और सचिव उद्योग डॉ. विनय शंकर पांडेय ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि तीन माह पूर्व शुरू हुए "डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड" अभियान में सरकार द्वारा देश के विभिन्न महानगरों समेत विदेश में भी चार रोड शो आयोजित किए गए।



जिसमें अब तक 3 लाख 50 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू साइन किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त निवेशकों द्वारा दो दिन के समिट के दौरान बेहद उत्साह दिखाया गया। समिट में 20 से अधिक देशों के ब्रांड एंबेस्टर/ प्रतिनिधि/ उद्योगपति मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस समिट के दौरान 44 हजार करोड़ की ग्राउंडिंग अब तक हो चुकी है। सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में सरकार का "ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट" के आयोजन को लेकर जहां एक ओर निवेश पर फोकस था वहीं दूसरी ओर प्रदेश में रोजगार सृजन भी प्राथमिकता थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस दिशा में बेहद सकारात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार इन एमओयू की ट्रैकिंग के लिए उद्योग मित्रों की भी नियुक्ति कर रही है। यह उद्योग मित्र बाकी एमओयू की ग्राउंडिंग में निवेशकों और सरकार के बीच सेतु के रूप में कार्य करेंगे। सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी ने समस्त मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी 10 और 11 दिसंबर को भी एफआरई में स्कूली छात्रों और आम जानता के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का एग्जीबिशन एरिया खुला रहेगा।







## उत्तराखण्ड राज्य में इकोनॉमी और इकोलॉजी का बेहतर समन्वय की आवश्यकता : सुबोध

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण और अपार वन संपदा वाले उत्तराखण्ड राज्य में इकोनॉमी और इकोलॉजी का बेहतर समन्वय व संतुलन कायम रखते हुए वन एवं इससे जुड़े सेक्टर्स में निवेश को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। विशेष सत्र में कहा गया कि वन एवं इससे जुड़े सेक्टर्स राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास का प्रमुख जरिया बनने की पूरी सामर्थ्य रखते हैं। जलवायु परिवर्तन व कार्बन उत्सर्जन की वैश्विक चुनौतियों को नियंत्रित करने में भी यह सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के वन एवं इससे जुड़े सेक्टर्स पर निवेश की संभावनाओं पर परिचर्चा के लिए आयोजित सत्र की अध्यक्षता करते हुए राज्य के वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल ने कहा कि उत्तराखण्ड का 71 प्रतिशत भूभाग वनों से आच्छादित है। उन्होंने कहा कि यहां पर 11230 वन पंचायतें हैं जिनसे 20 लाख लोग जुड़े हैं। उन्होंने



कहा कि वनों के संरक्षण व संवर्द्धन तथा इससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर वनों से परंपरागत लगाव व जुड़ाव को कायम रखने पर सरकार ने ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तराखण्ड को वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित किए जाने के आह्वान ने राज्य के आर्थिक विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोल कर रख दिए हैं। जिससे जल्द ही सार्थक परिणाम सामने आएंगे। कार्यक्रम में उत्तराखंड के प्रमुख सचिव वन आर.के. सुधांशु ने वन व इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेषन की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कुदरत ने उत्तराखण्ड को समुद्र के अलावा अन्य तमाम प्राकृतिक संसाधनों से सजाया-संवारा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में रहना व निवेश करना सुकून भरा सिद्ध होगा।

## सहकारिता, खाद्य प्रसंस्करण, खेती और बागवानी सेक्टर में निवेश की अपार संभावनायें : रेखा आर्य

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सहकारिता, खाद्य प्रसंस्करण, खेती और बागवानी सेक्टर में निवेश को लेकर आयोजित सत्र उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकाधिक निवेश करने के आह्वान के साथ संपन्न हुआ। इस सत्र में खाद्य प्रसंस्करण को केन्द्र में रखते हुए प्रमुखता से चर्चा हुई। सहकारिता, खाद्य प्रसंस्करण, खेती और बागवानी सेक्टर में निवेश को लेकर आयोजित सत्र में बतौर प्रमुख वक्ता राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड में उद्यमियों को बिजली कटौती व कमी जैसी समस्याओं से नहीं जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यहां पर निवेश के लिए बेहतर व अनुकूल माहौल है। कृषि एवं बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित कर राज्य की आर्थिकी को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में सबसे उत्तम क्वालिटी के मिलेट उत्पादित होते हैं। उत्तराखंड देश में तीसरा सबसे बड़ा सेब उत्पादक राज्य है। उन्होंने बताया कि राज्य में बेमौसमी सब्जी, फलों एवं फूलों के उत्पादन के



लिए पचास हजार पॉली हाऊस स्थापित कराए जा रहे हैं। जिसके चलते यहां पर फूड प्रोसेसिंग व उससे जुड़े क्षेत्र के विकास व निवेश की प्रचुर संभवनाएं हैं। कई उद्यमी इस सेक्टर में निवेश हेतु आगे आए हैं।कार्यक्रम में राज्य के कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ बुहुगुणा ने कहा कि राज्य की बहुसंख्यक आबादी की आजीविका पशुपालन, मत्स्य पालन तथा डेयरी विकास से जुड़ी है। राज्य के पर्वतीय क्षेत्र के 10 जिले के निवासियों का जीवन भी मुख्यत: इन्हीं सेक्टर्स पर निर्भर है। श्री बहुगुणा ने निवेशकों से पशुपालन, मत्स्य पालन तथा डेयरी विकास के क्षेत्र में आगे बढ़कर निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा कि सप्लाई चेन व विपणन के क्षेत्र में भी निवेशक सरकार के प्रयासों में मददगार बन सकते हैं। कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव सनोज कुमार झा ने खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उद्यमियों से राज्य में निवेश करने का आह्वान किया।

## उत्तराखण्ड डेस्टिनेशन स्टार्ट अप हब के रूप में विकसित हो रहा, मिलेगा रोजगार : सौरभ

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड में स्टार्ट अप की ग्रोथ के अवसर पर चौथा सत्र आयोजित हुआ। कौशल विकास और सेवायोजन मंत्री डॉ. सौरभ बहुगुणा ने उपस्थित निवेशकों और स्टार्टअप उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तराखण्ड डेस्टिनेशन स्टार्ट अप हब के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार प्रदाता के रूप में उभरने के पर्याप्त अवसर हैं। इसके लिए सरकार ने उद्योग नीति 2023 को निवेशकों और उद्यमियों के अनुरूप बनाया है जिससे निवेशकों के साथ ही स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं को वित्तीय और मार्गदर्शन मिलता रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि 10 पहाड़ी जिलों में फोकस कर विकास किया जाए। आज उत्तराखण्ड स्टार्ट अप के क्षेत्र में देश के पांच शीर्ष राज्यों में शुमार हो गया है। जहां 2016 में राज्य में मात्र 04 स्टार्टअप थे वही आज राज्य ने 950 स्टार्ट अप है। सरकार ने ड्रोन के प्रमोशन और प्रयोग की पॉलिसी 2023, डाटा सेंटर उत्तराखण्ड सर्विस सेक्टर पॉलिसी 2023, आई टी/आईटीईइस उत्तराखण्ड सर्विस सेक्टर पॉलिसी 2023 को हाल ही में बनाया है। हमें विश्वास है कि समस्त निवेशकों और उद्यमियों को राज्य में सिंगल विंडो क्लीयरेंस से आसानी होगी। सत्र में प्राइस वाटर हाउस कूपर्स प्राइवेट लिमिटेड के एसोसिएट प्रोफेसर उदित शर्मा, ग्लोबल एसवीपी से डॉ. सुबी चतुर्वेदी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से डॉ. अमन मित्तल, लॉग 9 से अक्षय सिंघल, कमर्शियल काउंसलर अजय सिंह मौजूद थे।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तराखण्ड के पर्यटन विकास में मील का पत्थर साबित होगा : महाराज

देहरादून(उद संवाददाता)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में टूरिज्म और एविएशन क्षेत्र में राज्य की प्रगति और समृद्धि के विकास पर आधारित द्वितीय सत्र आयोजित हुआ। सत्र में उत्तराखंड की टूरिज्म क्षेत्र में क्षमताओं के विकास, हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटन विकास में एविएशन की भूमिका, आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तराखण्ड के चहुंमुखी विकास में मील का पत्थर साबित होगा। जितने भी करार देश के विभिन्न संस्थानों से राज्य सरकार ने किए हैं, यह राज्य में रोजगार सृजन कर आर्थिकी को सशक्त करेगी। पर्वत के निकट स्थित गुंजी को शिवनगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। भविष्य में कॉर्बेट के सीताबनी में टोटल एनिमल किंगडम के रूप में विकसित किए जाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि देश के साथ ही विदेशी लोग गंगा आरती, गुरुजनों से मिलने धर्म नगरी हरिद्वार आते है। सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने राज्य में बढ़ते पर्यटन अवसर पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड पर्यटन का राज्य की जीडीपी में लगभग 15 प्रतिशत योगदान है वही राष्ट्र की जीडीपी में 06 प्रतिशत की भागीदारी है। आज उत्तराखण्ड वैश्विक स्तर पर टूरिज्म हब बन चुका है। सत्र में इंडियन होटल कंपनी लिमिटेड की एरिया डायरेक्टर कनिका हसरत, लॉकहीड मार्टिन से पार्थ पी राय, टीडबल्यूआई ग्रुप ऑफ कंपनीज से डॉ. उत्तम सिंघल, अपर सचिव पर्यटन पूजा गर्ब्याल, बृजेंद्र पांडे, सीमा नौटियाल तथा अन्य लोग मौजूद थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# संदिग्ध हालात में हिस्ट्रीशीटर जुनैद को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

काशीपुर। काशीपुर की शहर कोतवाली में पंजीकृत हिस्ट्रीशीटर जुनैद को शनिवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को मामला ढेला नदी के पुल के पास का बताया गया लेकिन जब पुलिस घायल के घर की तलाशी लेने पहुंची तो वहां से एक देसी तमंचा और प्रयोग किया गया खोखा बरामद हुआ। इस आधार पर पुलिस मामले को फर्जी बता रही है। मौके पर पहुंचे एसपी अभय प्रताप सिंह ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार मोहल्ला अल्ली खां निवासी जुनैद अहमद को रात करीब दस बजे परिजन सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जुनैद अहमद के कंधे के पास गोली लगी थी। जुनैद और उसके परिजनों का कहना है कि वह रात करीब पौने दस बजे ढेला नदी के पुल के पास से होते हुए घर की ओर आ रहा था तभी बाइक सवार दो नकाबपोश लोग आए। उनमें से एक ने तमंचे से उसे गोली मार दी और फरार हो गए। गंभीर हालत में परिजन उसे सरकारी अस्पताल ले गए जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस और एसपी अभय प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार घायल जुनैद काशीपुर कोतवाली का पंजीकृत हिस्ट्रीशीटर है। उसके ऊपर पुलिस कर्मियों पर हमला करने सहित कई मुकदमे उत्तराखंड और यूपी के थानों में दर्ज हैं। परिजनों ने बताया कि जुनैद बारबर का काम करता है लेकिन कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण आजकल वह काम नहीं कर पा रहा है। एसपी अभय प्रताप सिंह ने मामले की गहराई से जांच के आदेश दिए जिस पर पुलिस ने जुनैद के घर जाकर तलाशी ली। पुलिस के अनुसार उसके घर से एक देसी तमंचा और उसमें प्रयुक्त किए गए कुछ खोखे बरामद हुए हैं। इस आधार पर पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर चल रही है। पुलिस ने देर रात हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग अभियान चलाया लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया है। कोतवाली प्रभारी मनोज रतूड़ी ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# निरंकारी मिशन प्रमुख माता सुदीक्षा पहुँची रुद्रपुर

## विधायक प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर ने अंगवस्त्र भेट कर लिया उनका आशीर्वाद



रुद्रपुर(उद संवाददाता) निरंकारी मिशन समागम जो आज रुद्रपुर स्थित एफसीआई गोदाम के सामने मोदी मैदान में आयोजित हुआ जहाँ हजारो की तदाद में निरंकारी मिशन की माता सुदीक्षा महाराज के अनुयायी उनके प्रवचन सुनने पहुँचे। वही पहली बार रुद्रपुर पहुँचने पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा के प्रतिनिधि के रूप में भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर ने सतगुरुमाता सुदीक्षा महाराज व जगतपिता रमित महाराज को शाल भेट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। निरंकारी मिशन से जुड़े लोग देश ही नही विदेश में भी है और आज सुबह से ही समागम ने दूर दराज के क्षेत्रों से लोग मोदी मैदान में सत्संग सुनने पहुँचे है। इस दौरान भाजपा नेता सुनील यादव, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, अजय गाबा आदि मौजूद रहे।

# मैट्रोसिटी हास्पीटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मैट्रोसिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर के एमडी डॉ. मनदीप सिंह के नेतृत्व में आज मैट्रोसिटी हास्पीटल में निः शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका नगर एव दूरदराज क्षेत्रों से आये सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। मैट्रोसिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर के एमडी डा. मनदीप सिंह ने बताया कि हास्पीटल द्वारा समय समय विभिन्न जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। उसी संदर्भ में आज मैट्रोसिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में आये मरीजों की शुगर की जांच, फेफड़ों की जांच, पीलिया की जांच, काले पीलिया की जांच करने के साथ ही सभी परामर्श निःशुल्क दिये गयें। उन्होंने बताया कि शिविर में लगभग 200 से 300 मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लिया। साथ ही अपने रोग के उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त की। मैट्रोसिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर के एमडी डॉ. मनदीप सिंह का कहना है कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य गरीब व जरूरत मंदों को उनके रोग से अवगत कराना व उन्हें उचित इलाज उपलब्ध कराना रहता है। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया कि मैट्रोसिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा लगाए जाने वाले सभी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बीमारी से निजात पाएं। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में मैट्रोसिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर के पूरे स्टाफ का पूर्ण योगदान रहा।



# पति और बेटे के साथ बाइक पर जा रही थी महिला पर झपटा गुलदार

उत्तरकाशी। चिन्यालीसौड प्रखंड के खालसी गांव में मायके जा रही महिला को गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। गुलदार ने पैर पर पंजा मारकर महिला को लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की। महिला गढवालगाड से अपने पति के साथ बाइक से जा रही थी। साथ में बेटा भी था। तभी गुलदार ने पीछे से महिला पर झपट्टा मार दिया। छह महीने पहले भी पास के गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को गुलदार ने अपना निवाला बनाया था।

# जीभ में टांके लगाने के बाद युवक की मौत के मामले में परिजनों ने क्लीनिक के बाहर दिया धरना

सितारगंज। जीभ में टांके लगाने के बाद युवक की मौत के मामले में परिजनों ने डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर क्लीनिक के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। पुलिस के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के आश्वासन पर लोग शांत हुए। 23 नवंबर को नगर के गणेश मंदिर निवासी नितिन पुत्र नवलकिशोर की जीभ खाना खाते समय कट गई थी। परिजन इलाज के लिए उसे नजदीकी क्लीनिक ले गए। आरोप है कि चिकित्सक ने नितिन की जीभ में टांके लगा दिए, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बरेली में इलाज के दौरान पांच दिसंबर को उसकी मौत हो गई। पिता नवल ने चिकित्सक पर गलत उपचार का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। मामले में तीन दिन बाद भी कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध परिजनों ने शुक्रवार को क्लीनिक के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। नवल ने पुलिस से दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। धरना देने वालों में गायत्री, फूलवती, प्रवेश, विद्या राम, सतनाम कौर, मनोरमा, राधिका आदि मौजूद थे।



# खेत में घास काट रही एक और महिला को तेंदुए ने बनाया निवाला

नैनीताल। भीमताल ब्लॉक को ग्राम पंचायत पिनरों के तोक डोब गांव में शनिवार की शाम 4.30 बजे खेत के पास घास काट रही महिला पर तेंदुए ने हमला कर दिया। तेंदुए के हमले से महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद से ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ आक्रोश है। साथ ही ग्रामीणों में भय का माहौल है। बता दें कि, दो दिन पहले ही ग्राम पंचायत मलुवाताल के तोक कसाइल गांव में भी तेंदुए ने हमला कर एक महिला को मौत के घाट उतार दिया था। क्षेत्र पंचायत सदस्य यशपाल आर्य ने बताया कि शनिवार की शाम 4.30 बजे पुष्पा देवी (32) पत्नी भुवन चंद्र अपने घर से थोड़ा आगे खेत से चारा काट रही थी। तभी अचानक तेंदुए ने महिला पर हमला कर उसे मार दिया। उन्होंने कहा कि तेंदुए को हमला करते देख परिजनों ने शोर मचाया तो तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। महिला का शव खून से लथपथ था। उन्होंने कहा कि महिला की मौत की सूचना वन विभाग के अधि



कारियों को दे दी गई है। इधर शनिवार की सुबह धारी की ग्राम पंचायत दुदुली के बैड़ा गांव में चारा काट रही महिला उर्मिला देवी पर भी तेंदुए ने हमले का प्रयास किया। लेकिन महिला ने भागकर जान बचाई।

# रक्तदान शिविर का आयोजन किया

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। संघर्ष वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता ने भारतीय थल सेना के अध्यक्ष रहे प्रथम सीडीएस जनरल विपिन रावत की पुण्यतिथि और अपने अपने जन्म दिन पर विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में खुद मयंक गुप्ता के अलावा क्षेत्रभर के दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान मयंक गुप्ता ने कहा कि इस तरह की सोच हर युवा को रखनी होगी, ताकि हमारा दिया हुआ यह रक्त किसी को नया जीवन दे सके। सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल रक्तकोष हल्द्वानी की टीम ने आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए रक्त एकत्र किया। शिविर में दो दर्जन से अधिक यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इस दौरान चिकित्सक टीम में डा, अविनाश, सरिता रावत, दिलीप बिष्ट, उमेश असवाल, बिशन सिंह, सुरेश पाठक, राजेंद्र सिंह सहित शिविर संचालन में मयंक गुप्ता, ऋतिक गोस्वामी, रजत पंत, जगमोहन बिष्ट, रेखा गुप्ता, मो, उस्मान, आदित्य पाल, सागर जोशी, गोविंद पांडे, दीवान सिंह बिष्ट, तरुण पाल, धीरज नेगी, विक्रम सिंह आदि ने सहयोग किया।




# ऑनलाइन ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने करने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम गुरुनानकपुर निवासी दलजीत सिंह पुत्र अरूड़ सिंह ने थाने में दी तहरीर देकर बताया कि एक दिन उसके पास अनूप सिंह नाम के व्यक्ति का परिचित होने का दावा करते हुए फोन आया और कहा, उसके खाते में 7 लाख डालने की बात कही। जिस पर उसने विश्वास करते हुए अपना खाता संख्या दे दिया। अनूप सिंह ने उसके खाते में 7 लाख 15 हजार रुपए डालने की रसीद व्हाट्सएप पर दे दी तथा कहा कि उसने रुपए डाल दिए हैं। कुछ समय पश्चात उसे अनूप सिंह का फोन आया कि उसके मित्र हरजीत सिंह की पत्नी की तबीयत खराब है उसे चार लाख रुपए की जरूरत है। उसने खाता में एक लाख रुपए डालने को कहा। जिस पर 3 अप्रैल 23 को उक्त रकम जमा कर दी गई। अनूप सिंह ने पुनः फोन करके उक्त अकाउंट में 1.50 लाख रुपए डालने को कहा। दलजीत सिंह का कहना है कि उसने बैंक जाकर अपना अकाउंट चेक किया तो उसके खाते में कोई रकम नहीं आई थी। जिस पर उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। पुलिस ने मामले की गहरी छानबीन के बाद अजीत कुमार प्रजापति पुत्र समरजीत प्रजापति निवासी निवेद बैरनिया थाना जलालपुर जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश को हिरासत में लेकर पूछताछ हेतु गदरपुर लाया गया। जहां उसने मामले में अपना साथ कबूला। उसके पास से कई दस्तावेज भी बरामद किये गये। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी, उप निरीक्षक राकेश कठायत, उपनिरीक्षक अरविंद बहुगुणा प्रभारी साइबर सेल, कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार शामिल थे।



# जालसाजों के गैंग का भंडाफोड़,पुलिसकर्मी फरार

## रकम दोगुनी करने का झांसा देकर ठगी करने वाले पीआरडीजवान सहित तीन लोग गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने गरीबों की रकम को दोगुना करने का लालच देकर उनकी मेहनत की कमाई पर डाका डालने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने पीआरडी जवान सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का मास्टरमाइंड के साथ ही एक पुलिसकर्मी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के पास से डेढ़ लाख रूपए की नगदी भी बरामद की है। तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि सेखवापुर तालगांव सीतापुर में रहने वाले इंद्रसेन वर्मा ने पुलिस को तहरीर दी थी जिसमें कहा गया था वह और उसका दोस्त मो. हंजला सीतापुर के आसपास फेरी लगाने का काम करते हैं। हंजला ने उसे बताया कि उसका रूद्रपुर में रहने वाला दोस्ता रकम को दोगुना करता है। उसे यह सुनकर लालच आ गया और इसके बाद दोनों अपने दो अन्य साथियों अंकित और शिवम के साथ दो लाख रूपए लेकर रुद्रपुर आ गए। विकास नामक युवक ने उन्हें फोन कर काशीपुर




हाईवे में पप्पू ढाबे के पास आने को कहा। विकास कुछ देर बाद अपनी कार से पहुंचा और बैग लेकर कुछ देर इंतजर करने की बात कहकर चला गया। कुछ देर बाद एक और युवक आया और उन्हें बैग देकर चला गया। जब वह बैग लेकर जाने लगे तभी स्कूटी सवार दो युवकों ने उन्हें तलाशी लेने के बहाने रोक लिया। एक वर्दी में था जबकि दूसरा स्कूटी चला रहा था। इसी बीच उसका बैग छीनकर भाग निकले। लूट के मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश में टीम गठित की गई। जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रुद्रपुर में तैनात पीआरडी जवान वीरेंद्र सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी बिन्दुखेड़ा रूद्रपुर, जीशान अहमद पुत्र शमीम अहमद निवासी इटारी थाना तालगांव सीतापुर और छिन्दर पुत्र भजन सिंह निवासी ढौराडॉम नजीमाबाद किच्छा को लंबाखेड़ा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि इस गैंग में बनभूलपुरा थाने में पुलिस कर्मी सुरेंद्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी बिन्दुखेड़ा और विकास उर्फ लियाकत भी शामिल हैं। घटना के बाद से ही दोनों फरार चल रहे हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। बताया जा रहा है सुरेंद्र सिंह 2007 में पुलिस में भर्ती हुआ था। वह कुछ दिन से छुट्टी पर चल रहा था। पुलिस के अनुसार अभियुक्तो 1 विरेन्द्र पुत्र जीत सिह निवासी ग्राम बिन्दुखेडा थाना रुद्रपुर जिला ऊधमसिहनगर उम्र 32 वर्ष 2-जीशान अहमद पुत्र शमीम अहमद निवासी ग्राम इटारी थाना तालगांव सीतापुर उ0प्रदेश उम्र 20 वर्ष 3-छिन्दर पुत्र भजन सिह निवासी ग्राम धौरा ढाम नजीमाबाद थाना किच्छा जिला ऊधमसिह नगर उम्र 34 वर्ष को लम्बाखेडा मोड काशीपुर रोड रुद्रपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों ो के कब्जे से मुकदमावाला से सम्बन्धित कुल 1,50,000 रुपये व घटना से सम्बन्धित 03 अदद मोबाईल फोन बरामद किये गये। अभियुक्तों ो से घटना के सम्बन्ध मे पूछने पर बताया हम तीनो जीशान अहमद, छिन्दर, वीरेन्द्र, ने अपने अन्य साथी लियाकत उर्फ पिन्टु निवासी ढोरा डाम किच्छा थाना किच्छा जिला ऊधमसिहनगर व सुरेन्द्र पुत्र प्रीतम सिह निवासी ग्राम बिन्दुखेडा थाना रुद्रपुर जिला ऊधमसिंहनगर के साथ मिलकर एक प्लान बनाया की हम लोग लोगो को दोगुना रुपया देने का लालच देकर बुलायेगे जब लोग रुपया दोगुना करने के लिये हमे देगे तो हम लोग पैसा छीन कर भाग जायेगे व जो भी पैसा मिलेगा काम के हिसाब से आपस मे बाँट लेगे दिनांक 08-12-2023 को जीशान ग्राहक लेकर सीतापुर से आया था वह पप्पू ढाबे काशीपुर रोड पर व एक इन्द्रसेन व हन्जला व दो अन्य साथियो को लेकर आया था। जिनका नाम हमे पता नही है। इन लोगो ने हमे 200000 रुपये दिये थे। हमने दोगुने का लालच देकर वही कुछ दूरी पर रुपयो को बैग छीन लिया जिसमे 500 के 400 नोट कुल 2,00000 रुपये थे जिसे हमने आपस में बांट लिया था हम तीनो को 50-50 हजार रुपये मिले व 50 हजार रुपये व बैग लियाकत व सुरेन्द्र के पास है वह स्कूटी लेकर रात को ही चला गया था। कहां गये इसकी जानकारी हमे नहीं है। घटना से सम्बन्धित अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है।

# पर्स झपटने वाले को 24 घंटे में गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने 24 घंटे में भीतर महिला से नगदी एवं कागजात से भरा पर्स झपटकर लूटने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेजा। उसके पास से एक सैंमसंग ग्लैक्सी ए-23 मोबाईल फोन, एक अवैध तमंचा मय कारतूस, एक गुलाबी रंग का पर्स,500 रुपये की नगद,दो अदद मोहर बरामद की गयी है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि विगत 8 दिसम्बर 2023 को सुबह करीब 10.30 बजे राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरदारनगर मे कार्यरत प्रधानाध्यापिका माया कोहली सीआरसी बराखेड़ा जा रही थी तो रास्ते में ग्राम सूरजपुर के पास एक अज्ञात व्यक्ति झपट्टा मारकर पर्स लेकर फरार हो गया था। जिसमें एक सैमसंग ग्लैक्सी ए-23 मोबाईल फोन,7000 हजार रुपये,आधार कार्ड विद्यालय सम्बन्धी दस्तावेज थे। अध्यापिका की तहरीर के आधार अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर न0-278/2023 धारा-356/379 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की सवेदंनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिहनगर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक काशीपुर के निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व मे तत्काल पुलिस टीम का गठन कर घटना स्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.वी कैमरो का अवलोकन कर,सी.सी.टी.वी मे दिखाई दे रहे संदिग्ध व्यक्ति की पहचान हेतु पतारसी सुरागरसी करते हुए मुखबिर खास मामूर कर अभियोग पंजीकरण के 04 घण्टे के भीतर ही




दिनेशपुर अण्डर पास के पास दौराने वाहन चौकिग एक मोटर साईकल सवार व्यक्ति जो पुलिस टीम को चौकिंग करता देख वापस मुकन्दपुर की तरफ मुडने की कोशिश करने लगा,शक होने पर पुलिस टीम द्वारा रोक लिया गया नाम पता पूछा तो अपना नाम सनी पुत्र रोहताश नि0-मरियमपुर न0-3 थाना बाजपुर जनपद-उधमसिहनगर बताया जामा तलाशी मे उसकी पहनी हुई पैन्ट की जेब से 1 अदद मोबाईल फोन सैमसंग गैलेक्सी ए-23,एक अदद आधार माया कोहली पत्नी किशोर कुमार कोहली नि०-प्रीत विहार कॉलोनी बराखेडा जनपद- उधमसिहनगर के नाम का,एक गुलाबी रंग का कपडे का लेडिज हैण्ड पर्स जिसके अन्दर एक लिफाफा आरके स्टूडियो वीडियो फिल्म मेकर लिखा है जिसके अन्दर 04 फोटो लेडिज व 500 रुपये का 01 नोट व एक मोहर जिसमें प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरदारनगर क्षेत्र गदरपुर ऊ0सिं0 नगर व दूसरी मोहर जिसमें प्रबन्ध समिति राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरदारनगर क्षेत्र गदरपुर ऊ0सिं0 नगर, एक अदद नाजायज तंमचा .315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त पर आपराधिक इतिहास में मुकदमा एफआईआर न0-332/2010 धारा 392/411 भादवि थाना काशीपुर, दूसरा मुकदमा एफआईआर न0-350/2010 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम थाना काशीपुर, तीसरा एफआईआर न0-480/2010 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना काशीपुर में दर्ज है।पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश, उप निरीक्षक राकेश, का. इरशाद उल्ला, दर्शन सिंह,गोरखनाथ एवं बलवंत सिंह शामिल थे।

# ग्रामीणों को बताई केन्द्र सरकार की योजनाएं

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। विकासखण्ड बिण के न्याय पंचायत मुख्यालय पीएचसी इग्यार देवी और सार्वजनिक स्थल रामलीला मंच वड्डा में हमारा संकल्प विकसित भारत के अन्तर्गत केन्द्र सरकार के प्रचार प्रसार



वाहन के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीमती चन्द्रा पन्त उपस्थित रही। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का सीधा लाइव प्रसारण सुनाया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को लाभान्वित किये जाने, योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाये गयें। साथ ही प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, आयुष्मान कार्ड एवम उज्ज्वला योजना से लाभान्वित परिवारो द्वारा मेरी कहानी, मेरी जुबानी के तहत अपने विचार व्यक्त किये। व सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबधित विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती पन्त द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वौरान दोनों स्थानों में लगाये गये शिविर में जिला विकास अधिकारी पिथौरागढ़, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, मुख्य कृषि अधिकारी, सहायक परियोजना निर्देशक, कृषि वैज्ञानिक डा.अल्हकार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक खण्ड विकास अधिकारी ,सहायक विकास अधिकारी ,तथा क्षेत्रीय ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवम् ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# गायत्री पांडे की स्वरचित पुस्तक बालमन का विमोचन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य स्तरीय चार दिवसीय नवाचारी शिक्षक प्रशिक्षण सीमेट सभागार देहरादून में संपन्न हुआ। निदेशक विद्यालयीय शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी एवम निदेशक अकादमिक शोध एवम प्रशिक्षण श्रीमती वंदना गर्ब्याल द्वारा शैक्षिक नवाचारी संवाद समूह के 40 शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान इन शिक्षकों को प्रारंभिक शिक्षा में उनके द्वारा किये गए नवाचारों एवम अभिनव गतिविधियों के लिए दिया गया। इस अवसर पर नवाचारी शिक्षिका



गायत्री पांडे रुद्रपुर उधमसिंह नगर द्वारा स्वराचित पुस्तक बाल काव्य संग्रह बालमन का भी विमोचन निदेशक श्रीमती बन्दना गर्ब्याल के कर कमलों से किया गया। श्रीमती गर्ब्याल ने गायत्री पांडे के लेखन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सभी शिक्षकों को इनके जैसा काम करना चाहिए जिससे दूसरो को प्रेरणा मिलती है और हमारा समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर रहता है। प्रधानाचार्य गायत्री पांडे ने बताया की उनकी लिखी पुस्तक में प्रेरणादायक कविताएं है तथा पुस्तक 53 पृष्ठ में है जिसके माध्यम से कक्षा एक से दस तक के छात्र प्रेरणा दायक संदर्भ ले सकते है और साथ में उन्हे जीवन का ज्ञान और कुछ करने की प्रेरणा भी मिलती है । महापुरुषों के प्रेरक प्रसंग तथा बाल मनोभाव पर भी पुस्तक में आसानी से समझ आने वाली कविताओं का समावेश है । देहरादून में आयोजित इस सम्मान समारोह में अपर निदेशक सीमेट ए. के. नोडियाल,संयुक्त निदेशक मा. शिक्षा डॉ आनंद भारद्वाज, डॉ मदनमोहन उनियाल,रमेश प्रसाद बडोनी, डॉ विनोद ध्यानी, डॉ मोहन बिष्ट, समूह के मोटिवेटर लक्ष्मण मेहता, कॉर्डिनेटर शंकर सिंह अधिकारी सहित राज्य से आये 40 नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्तिथ रहे।

# ग्राम पंचायतों में किया बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विकासखंड बाजपुर (ग्राम पंचायतें-रतनपुरा एवं मडैयाबक्शी) एवं सितारगंज (ग्राम पंचायतें- पहसैनी एवं सरोजा) एवं रुद्रपुर (ग्राम पंचायतें- छिनकी एवं दोपहरिया) गदरपुर ( ग्राम पंचायतें- बूरानगर एवं महतोष) जसपुर( ग्राम पंचायतें- गणेशपुर एवं भरतपुर) में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबढद्ध रूप से पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग नलकूप विभाग खाद्य विभाग, पेयजल विभाग,समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग द्वारा स्टाल लगाई गई। उक्त आयोजित कार्यक्रमों में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आई.ई. सी प्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया साथ ही मौके पर लाभार्थियों को संबंधित विभागों द्वारा राज सहायता पर निवेशों/सामग्रियों का वितरण भी किया गया। समस्त कार्यक्रमों में लाभार्थियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव साझा किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में हेल्थ कैंप भी लगाए गए जिसमें लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। समस्त विभागों द्वारा विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।



# श्री तुलसी धाम में नेत्र शिविर का आयोजन, सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

## मोतियाबिंद ऑपरेशन के नि:शुल्क लिए रोगी चिन्हित, संत महापुरुषों ने सत्संग प्रवचन कर संगत को निहाल किया





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री तुलसी धाम सेवा समिति पिछले कई वर्षों से नि:शुल्क नेत्र शिविर लगा रही है। इस वर्ष भी स्वामी श्री रमेश दास जी की पचासवीं पुण्यतिथि के मौके पर समिति द्वारा पंद्रहवा नि:शुल्क नेत्र शिविर श्रीराम आई केयर सेंटर के वरिष्ठ डॉक्टर अशोक गर्ग द्वारा लगाया गया। जिसमें लगभग छह सौ लोगों के नेत्रों का नि: शुल्क परीक्षण किया गया व लगभग 125 लोगों को मोतियाबिंद के नि: शुल्क ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर का उद्घघाटन समाजसेवी जगदीश टंडन जेपीएस कलर लैब वालों के द्वारा विधि वत रूप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर श्री टंडन ने कहा कि समिति द्वारा किए जा रहे कार्य बहुत ही सराहनीय हैं। किसी की नेत्रों का परीक्षण व ऑपरेशन कराना बहुत ही पुनीत कार्य हैं। इस मौके पर श्री गुरु महाराज जी ने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन का लक्ष्य सिर्फ समाज की सेवा होना चाहिए। हमें गरीबों की सेवा बढ़ चढ़कर करनी चाहिए। डॉक्टर अशोक गर्ग ने कहा कि समिति के सदस्य जिस तरह से सेवा में लगे रहते हैं वह बहुत ही प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भी वह समिति के साथ जुड़े रहेंगे व गरीबों की सेवा करते रहेंगे। पचासवीं पुण्यतिथि के मौके पर गत रात्रि कुरुक्षेत्र हरियाणा से पधारे कथा व्यास पंडित मधुसूदन शास्त्री जी द्वारा कथा कर संगत को जीवन जीने का सही रास्ता दिखाया गया। संत महापुरुषों द्वारा सत्संग प्रवचन कर संगत को निहाल किया गया। श्री गुरु महाराज जी का लंगर अटूट बरताया गया। समिति द्वारा मरीजों व उनके साथ आए लोगों के लिए लंगर व चाय की व्यवस्था पूर्ण रूप से की गई। आज श्री तुलसीधाम में विशाल संत समागम का आयोजन हुआ व गुरु महाराज जी का लंगर प्रसाद अटूट बरताया गया। इस मौके पर दीपक गुगलानी, अभिशेष शुक्ला, विजय पांडेय, पूर्वी गुप्ता, सोनिया मैसी, चन्दरपाल, सतीश, छाया, संजीव कामरा, राज कुमार हुड़िया, वेद प्रकाश खुराना, हरीश बाँगा, विपिन बाँगा, सुरेश नरूला, सुरेंद्र तनेजा, सूरज गंभीर, रवि चावला, विनोद नरूला, अशोक बाँगा, बैजनाथ छाबरा, राजकुमार बाँगा, सुमित नरूला, प्रदीप कामरा, पंकज गांधी, राज गगनेजा, नरेंद्र ठुकराल, राजेश कामरा, राजकुमार हुड़िया, डिम्पल बाँगा, डॉ. रामेश्वर दयाल, डॉ. हरभगवान रहेजा, शैंकी बाँगा, सजल अनेजा व श्री तुलसीधाम सेवा समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

## अजय भट्ट ने किया संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने घाना साउथ अफ्रीका में संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत दिनों उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की शांति सेना के मंत्री स्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया और बैठक में 84 देशों ने प्रतिभाग किया, उन्होंने कहा कि शांति सेना की 75वीं वर्षगांठ व संयोग से भारत भी अपना अपना 75 साल का अमृत महोत्सव मना रहा है। 84 देश की इस बैठक में सिर्फ गिने चुने देशों को बोलने का अवसर मिला जिसमें से भारत को भी बोलने का अवसर मिला। भारत के प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने यूएनओ की शांति सेना के वर्षगांठ के मौके पर कहा कि भारत सबसे बड़ा सेना भेजने वाला देश है उन्होंने अभी तक दो लाख 75 हजार सेनाए शांति मिशन में भेजी है। तथा जिसमें आज तक 170 सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। पहली बार भारत 2007 से 2016 तक



ऑल फीमेल पुलिस यूनिट (संपूर्ण महिला दल) वाला देश बना। जिसे शांति मिशन हेतु पूर्ण रूप से लाइबेरिया भेजा और शांति मिशन के प्रति दुनिया ने जो भारत के प्रति जो सुखद प्रतिक्रिया दी है उनको भी श्री भट्ट ने अपने भाषण में बताया। उन्होंने कहा कि शांति सैनिकों को प्रशिक्षण देने के लिए भारत में एक प्रशिक्षण केंद्र है। जिसके द्वारा भारत के सैनिकों के अलावा 90 देशों की सैनिकों को हमने शांति सेना हेतु प्रशिक्षित किया है और लगातार प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह नैनीताल और उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र की समस्त क्षेत्रीय जनता का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद करते है जिनकी बदौलत आज उन्हें घाना साउथ अफ्रीका में संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में जाने का अवसर प्राप्त हुआ।

## पत्रकार प्रेस परिषद के सदस्यों को निशुल्क बीमा के बाउंड वितरित कर सम्मानित किया

लाल कुआं(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद (इंडिया) जिला नैनीताल इकाई के जिला अध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट के नेतृत्व में शनिवार को एक बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी शामिल हुए। बैठक में श्री गुलाटी ने सदस्यों को सवा दो लाख रुपए का निशुल्क जीवन बीमा के बाउंड वितरित कर सम्मानित किया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे भारतवर्ष में



एकमात्र पत्रकार प्रेस परिषद ही ऐसा संगठन है जिन्होंने पत्रकारों के हित में यह बीमा निशुल्क दिया गया है। कुमाऊं मंडल प्रभारी ने सभी सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए समस्याओं को लेकर पत्रकारों को एक झंडे के नीचे आने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष में मंडल का एक सम्मेलन किया जाएगा। बैठक में जिला अध्यक्ष व कुमाऊं मंडल प्रभारी ने सभी सदस्यों का आभार वह धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की नैनीताल जनपद में और सक्रिय भूमिका निभाएंगे। अनुभवी और वरिष्ठ पत्रकार साथियों को भी सम्मिलित किया जाएगा। बैठक में कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी, जिला अध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट, महामंत्री अतुल अग्रवाल, देवेंद्र बमेठा, रेबा भट्ट, विशन दत्त,संजय मिश्रा, राजेंद्र नेगी, दीपक बिष्ट, हिमांशु बिष्ट, विनोद सिंह, पान सिंह बिष्ट, कमल सुनाल ललित सनवाल, बाला दत्त भट्ट आदि पत्रकार उपस्थित थे।

## सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का जन्मदिम महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वराज आश्रम में केक काट कर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनकी लंबी आयु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री मलय बिष्ट, निवर्तमान पार्षद राधा आर्य , मोहम्मद गुफरान, गोविंद बगड़वाल, हेमंत साहू, कौशलेंद्र भट्ट, साद अली, अबरार सिद्धीकी, अमित रावत,



विनोद कुमार, कोमल जयसवाल, धर्मवीर, अर्जुन राणा, चंदन भाकुनी, अनिल कन्नौजिया, फैसल, दिनेश चौहान, सूरज प्रकाश आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## बच्चों को दी फायर उपकरणों की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के आदेशानुसार अग्निशमन अधिकारी गिरीश सिंह बिष्ट द्वारा फायर स्टेशन के कर्मचारियों के साथ मिलकर भारतीयम किड्स प्लेनेट स्कूल के बच्चों व टीचरों को फायर स्टेशन के परिसर का भ्रमण कराया गया। जिसमें बच्चों व टीचरों को फायर स्टेशन में मौजूद वाहनों व उपकरणों की जानकारियां दी गई एवं अन्य समस्त आवश्यक जानकारियां दी गई। साथ ही बच्चों व टीचरों को अग्निकांड से बचाव हेतु आवश्यक जानकारियां देते हुए अग्निसुरक्षा प्रशिक्षण व जन जागरूकता



अभियान चलाया गया। जिसमें बच्चों और टीचरों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया।

## लोक अदालत में 2084 मामलों का निस्तारण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर द्वारा आयोजित लोक अदालत में कुल 2084 वादों का दोनों पक्षों की सहमति से निस्तारण किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2916 मामले रेफर किये गये जिसमे से 2084 मामलो का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में 8 पीठ मुख्यालय रूद्रपुर से तथा बाह्य न्यायालय काशीपुर में 5 पीठ, खटीमा में 4 पीठ व न्यायालय किच्छा, जसपुर, सितारगंज से 1-1 पीठ बनायी गई थी। न्यायालयों में लंबित मामलो में आपराधिक शमनीय मामले 383, चेक बाउंसिंग के 275, मोटर एक्सीडेंट क्लेम के 25, श्रमिको के 7, पारिवारिक मामलो में 47, ट्रैफिक चालान के 924, विद्युत के 170 मामले व प्रकीर्ण वाद 149 निस्तारित किए गये। जबकि न्यायालय के इतर बेंको के मामलो में 433 मामलो का निस्तारण किया गया तथा कुल वसूली धनराशि 15,38,03,580 रुपए वसूल किए गए।




## सांड ने मचाया आतंक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम क्षेत्र में गत रात्रि एक सांड द्वारा सरेराह आतंक मचाये जाने से लोगों में हड़कंप मच गया और वह अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। मामले की जानकारी मिलने पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद आतंकी सांड को काबू में लेकर उसे गौ शाला पहुंचाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार गत रात्रि काठगोदाम क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर एक सांड आतंक मचाने लगा। जब वह रोड़ पर तेजी से भागने लगा तो वहां मौजूद लोगों में हड़कंप



मच गया और वह अपनी जान बचाने को सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। इसकी सूचना लोगों ने निगम कार्यालय को दी। मामले की जानकारी मिलते ही नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद आतंकी सांड को काबू में लेकर उसे गौ शाला पहुंचाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महुआ मोइत्रा का निष्कासन

संसद की आचार समिति की सिफारिश पर आखिरकार तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। पिछले कुछ समय से इस बात पर बहस हो रही थी कि महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों में कितनी सच्चाई है और इसके आधार पर उनकी सदस्यता को रद्द करना कितना उचित होगा। मगर शुक्रवार को आचार समिति की रिपोर्ट लोकसभा में पारित हो गई और 'पैसे लेकर सदन में सवाल पूछने' के मामले में फैसला उनके खिलाफ गया। गौरतलब है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस से सांसद महुआ मोइत्रा पर यह आरोप लगाया था कि उन्होंने भारतीय कारोबारी गौतम अदाणी और उनकी कंपनियों के समूह को निशाना बनाने के लिए संसद में लगातार सवाल पूछे, मगर इसके लिए उन्हें रिश्वत मिली।इसके अलावा, उन पर लोकसभा पोर्टल का 'लाग-इन' भी किसी अन्य के साथ साझा करने का आरोप है। इस मामले में महुआ मोइत्रा का कहना है कि उन्हें संसद में अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। जाहिर है, अब इस पहलू पर भी बहस होगी कि सदस्यता रद्द करने जैसे सबसे सख्त फैसले के बजाय क्या इस मामले में कोई और विकल्प या बीच का रास्ता नहीं बचा था? दरअसल, 'पैसे लेकर सदन में मुद्दा उठाने' को लेकर अक्सर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। इस तरह के आरोप के कारण किसी सांसद को सदन से निष्कासित करने के मामले पहले भी आए हैं। मगर जहां तक महुआ मोइत्रा का सवाल है, तो इस मामले में अपने ऊपर लगे आरोपों को उन्होंने निराधार बताया और कहा कि उनके नगद या तोहफे लेने का सबूत कहीं नहीं है और वे हर तरह की जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। लोकसभा का पोर्टल किसी अन्य व्यक्ति से साझा करने को लेकर उनका मानना है कि इस बारे में कोई स्पष्ट नियम नहीं है। ऐसे में यह देखने की बात होगी कि इस मामले में आचार समिति के निष्कर्ष के क्या आधार हैं। फिर भी, अगर इस आरोप के पुख्ता सबूत हैं, तो 'लाग-इन' किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा करना क्या नैतिक और तकनीकी दृष्टि से उचित है और क्या यह अपने दायित्वों की सीमा की अनदेखी नहीं है? जहां तक आचार समिति के पास निष्कासित करने और प्रक्रिया के दुरुपयोग का मसला है, तो इस पर संसद में बहस हो सकती थी, जहां इस बारे में कोई स्पष्ट तस्वीर उभरती। इस समूचे मामले में विपक्ष को सवाल उठाने का मौका इसलिए भी मिला कि कुछ समय पहले लोकसभा में ही भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सदस्य दानिश अली को आपत्तिजनक बातें कही थीं और धर्म-आधारित टिप्पणियां की थीं। मगर उनके मामले में सुनवाई और कार्रवाई को लेकर ऐसी ही सख्ती नहीं दिखी। हालांकि संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने और वेबसाइट का 'लाग-इन' साझा करने के आरोप प्रकृति में अलग और गंभीर हैं, मगर सबूतों के आधार पर कार्रवाई की सिफारिश के समांतर महुआ मोइत्रा को पक्ष रखने का मौका देने की उम्मीद की जा रही थी। यों इससे पहले समिति की जांच के दौरान उन्होंने निजी सवाल किए जाने का आरोप लगाया था। संसद लोकतंत्र का प्रतिनिधि हिस्सा है और इसमें सवालों पर बहस किसी खास मुद्दे पर सभी पक्षों की पारदर्शिता और जनता के सामने स्पष्टता सुनिश्चित करने का जरिया है। इस समूचे मामले में महुआ मोइत्रा की सदस्यता रद्द होने के बाद संभवत: इस पर बहस की मांग उठे कि सदन में पैसे लेकर सवाल पूछने के मुद्दे की जांच का दायरा व्यापक हो। साथ ही, विधायिका के सदस्यों को अपने दायित्व, अधिकार और सीमाओं को लेकर भी ईमानदार रहने की जरूरत है।

## पिता ने की छह साल के बच्चे की हत्या, पॉलीथिन के बैग में मिला शव

हरिद्वार। हरिद्वार नगर कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा चालक के छह वर्षीय बेटे की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। बच्चे का शव पास की ही एक झुग्गी झोपड़ी में पॉलीथिन के बैग में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। एसएसपी ने पुलिस और सीआईयू की टीम को मामले के खुलासे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। पुलिस के अनुसार, अजीत (6 वर्ष) पुत्र राजेश निवासी हरदोई यूपी हाल पता झुग्गी झोपड़ी चमगादड़ टापू बस्ती शुक्रवार को मोमबत्ती लेने के लिए गया था। लेकिन उसके बाद शाम तक घर वापस नहीं लौटा। पेशे से ई-रिक्शा चालक राजेश ने अपने परिवार के साथ बच्चे की आसपास तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस और परिजन बच्चे की तलाश कर रहे थे। तभी राजेश की झोपड़ी से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक झुग्गी झोपड़ी में बच्चे का शव पॉलीथिन के बैग में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही नगर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लिया। बच्चे के गले में चुन्नी का फंदा कसा हुआ मिला। उसकी आंख और जबड़े के साथ ही एक हाथ को चूहों ने कुतर दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। अजीत अपने घर में दूसरे नंबर का था। उससे बड़ी एक बहन है और एक तीन माह का छोटा भाई है। राजेश अपने परिवार के साथ दो महीने पहले ही हरदोई से हरिद्वार आया था। यहां झुग्गी झोपड़ी डालकर चमगादड़ टापू पर रहकर ई-रिक्शा चलाना शुरू किया था। नगर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि हर पहलू की जांच कर रहे हैं।

## इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट में 33 प्रतिशत की वृद्धि : महेंद्र नाथ पांडेय

देहरादून(उद संवाददाता)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दूसरे दिन इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टोरल सत्र का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री श्री महेंद्र नाथ पांडेय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री श्री महेंद्र नाथ पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड से मेरा पुराना रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा से छोटे राज्यों की पक्षधर रही है। श्रधेय पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल जी के कार्यकाल में तीन राज्यों का निर्माण इसी उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक भारत का सबसे स्वर्णिम युग कोई है तो वो हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का है। वे एक तपस्वी



प्रधानमंत्री हैं, उनके मार्ग-दर्शन में केदारनाथ में जो जीर्णोद्धार कार्य हुए वे एक तपस्वी प्रधानमंत्री ही करा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कुछ ऐसी परिस्थितियां बनी कि हमारे 41 श्रमिक भाई सिलक्यारा टनल में फंस गए लेकिन उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्र ने जिस तरह से यहां दिन-रात काम कर सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाला ऐसा उदाहरण दुनिया में और कहीं नहीं मिलता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्र सरकार का पूरा ध्यान केंद्रित है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट में 33 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि जो आत्मविश्वास हमारे प्रधानमंत्री जी में है, वो और किसी में नहीं है। हाल में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे भी यह दर्शाते हैं। अपर मुख्य सचिव श्री आनंद वर्धन ने कहा कि उत्तराखण्ड में इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का चमकदार भविष्य है। इस क्षेत्र में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं और इस क्षेत्र में अभी उत्तराखण्ड तेजी से प्रगति कर रहा है। इसके सबसे बड़े उदाहरण चारधाम यात्रा मार्ग प्रोजेक्ट, दिल्ली-देहरादून इकनोमिक कॉरिडोर आदि हैं।

## तेंदुए ने शिक्षक नेता पर किया हमला, बाल-बाल बची जान

काशीपुर। शिक्षक नेता पर शुक्रवार की शाम तेंदुए ने हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में बाइक सवार शिक्षक नेता बाल-बाल बचे। शुक्रवार को उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष और हरियावाला निवासी स्वतंत्र कुमार मिश्रा रूद्रपुर किसी काम से गए थे। बताया कि देर शाम वह बाइक से घर लौटे रहे थे तभी हरियावाला के पास झाड़ियों में से अचानक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया।शिक्षक मिश्रा ने बताया कि तेंदुआ उनकी बाइक के अगले हिस्से से टकराया। इसी दौरान पीछे से आ रहीं दो कारों में सवार लोग मौके पर रुक गए। शोर मचाने पर तेंदुआ सड़क किनारे झाड़ियों में चला गया। क्षेत्रवासियों के मुताबिक तेंदुआ बीते कई दिन से रात आसपास के क्षेत्र देखा गया है। उधर रेंजर देवेंद्र सिंह रजवार ने बताया कि मामले की उनको जानकारी नहीं है। कहा कि मामले की जानकारी लेकर क्षेत्र में वनकर्मियों से गश्त कराई जाएगी। तेंदुए के डर से द्रोणासागर परिसर में स्थित पैदल ट्रैक पर लोगों ने टहलना बंद कर दिया है। वहीं वन विभाग ने भी सुरक्षा के चलते बीते मई महीने से ट्रैक को बंद कर दिया था। इसके बाद से न तो तेंदुआ पकड़ा गया और न ही इस ट्रैक का लोगों को लाभ मिल रहा है। पुरातत्व विभाग के कार्यालय प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि तेंदुआ कई बार यहां दिखाई दिया है। वहीं रेंजर देवेंद्र सिंह रजवार ने कहा कि ट्रैक को लोगों की सुरक्षा के चलते बंद किया गया था।

## पिटबुल कुत्ते ने बुजुर्ग महिला पर हमला कर नोंचा ,एम्स में भर्ती

रूड़की। रुड़की में पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने घर के बाहर से गुजर रही बुजुर्ग महिला पर अचानक हमला बोल दिया। कुत्ते ने महिला के मुंह समेत शरीर के कई हिस्सों को बुरी तरह नोच डाला है। आसपास के लोगों ने महिला को कुत्ते से छुड़ाकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से गंभीर हालत में एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। महिला के बेटे ने कुत्ते के स्वामी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ढंढेरा निवासी संजय पुत्र भोपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी मां केला देवी शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे किसी काम से पोस्ट ऑफिस वाली गली में जा रही थी। एक घर के सामने से गुजरने के दौरान खतरनाक नस्ल के कुत्ते ने घर से निकलकर उनपर जानलेवा हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने शोर मचाकर किसी तरह उनको छुड़ाया। इसके बाद गंभीर हालत में उनको रुड़की सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां एंटी रैबीज और सिरम इंजेक्शन दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि महिला को बुरी तरह नोंचा हुआ था। बुजुर्ग महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले को गंभीर मानते हुए कुत्ता मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तराखण्ड की जीडीपी में कृषि एवं डेयरी बड़ा योगदान

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के समापन समारोह के अवसर पर सीईओ नेशनल स्टॉक एक्सचेज श्री आशीष कुमार चौहान ने कहा कि आज 8.35 करोड़ से अधिक लोग स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट कर रहे हैं। साथ ही उत्तराखण्ड से भी 8.35 लाख से अधिक लोग स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के इन्वेस्टर समिट को लेकर हुए मुंबई दौरे के दौरान उनसे एमएसएमई सेक्टर में फंड की उपलब्धता, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निकायों के माध्यम से विकास को बढ़ाना, युवाओं में निवेश को लेकर जागरूकता जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई थी। एम.डी, मदर डेयरी, श्री मनीष बंदलिश ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड में कृषि एवं डेयरी के क्षेत्र में निवेश हेतु सकारात्मक माहौल बनाया गया है। उत्तराखण्ड की जीडीपी में कृषि एवं डेयरी बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में भी डेयरी विकास एवं फूड वैल्यू चौन को बढ़ावा दिया जा रहा है। डेयरी विकास के क्षेत्र में उत्तराखण्ड के किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। फल उत्पादन के क्षेत्र में भी उत्तराखण्ड निरंतर आगे बढ़ रहा है। एम.डी, रसना पिरूज खंबाटा ने कहा कि राज्य में बड़े उद्योगों के साथ ही छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। किसानों को उद्योगों से सीधे जोड़ने पर कार्य करना होगा। भारत का एक्सपोर्ट बढ़ने पर सभी उद्योगों का एक्सपोर्ट भी बढ़ेगा। आज पूरा विश्व में मिलेट्स की मांग बढ़ते जा रही है। एमडी, सीईओ जुबिलेंट जेनेरिक्स लिमिटेड डॉ. जयदेव राजपाल ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा कई उद्योगों के अनुकूल नीतियों पर कार्य किया गया है।

## पिथौरागढ़ में 143 करोड़,चंपावत में हुआ 456 करोड़ का करार

देहरादून। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 में पिथौरागढ़ में 143.29 करोड़ का निवेश होगा। लगभग 61 इकाइयों को एमओयू वितरित किए गए हैं। इन इकाइयों में 673 स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा।पिथौरागढ़ जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक कविता भगत ने इनवेस्टर समिट के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार की ओर से एमएसएमई नीति-2023, पयर्टन नीति-2023, सर्विस सेक्टर की नीति-2023 लागू की गई है। जनपद पिथौरागढ़ में धर्मिक पर्यटन, ईको पर्यटन, साहसिक पर्यटन, विनिर्माण उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा, हथकरघा हस्तशिल्प, नेचुरल हर्ब्स, ऑर्गेनिक उत्पाद में अपार संभावनाएं है। पिथौरागढ़ में पिछले दिनों आयोजित मिनी कांनक्लेव में 61 इकाईयो को 143.29 करोड़ के एमओयू वितरित किए गए हैं। चंपावत जिले के टनकपुर में दो दिसंबर को हुए जिला स्तरीय मिनी कान्क्लेव में 456.96 करोड़ रुपये के एमओयू (करार) हो चुके हैं। 52 उद्यमियों ने पांच विभागों से ये करार किए हैं। मुख्य रूप से बागवानी, पर्यटन, उरेडा, उद्योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा क्षेत्रों में निजी निवेश हुआ है। अगर यह करार जमीन पर उतरा तो इससे बहुआयामी आर्थिक विकास के साथ रोजगार में वृद्धि होगी। होगा। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक डॉ. दीपक मुरारी का कहना है कि 456.96 करोड़ रुपये के एमओयू (करार) से 721 लोगों को रोजगार मिलेगा।

## मोर्चरी में रखे वीडीओ के शव को कुतर गए चूहे

पौड़ी। उत्तराखंड में पौड़ी के कोट ब्लॉक निवासी एक ग्राम विकास अधिकारी की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। उनका शव जिला मुख्यालय में बनी मोर्चरी में रखा जहां रात में चूहों ने शव कुतर दिया। सुबह जब परिजनों ने शव देखा तो विभाग पर घोर लापरवाही लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई। कहा कि मोर्चरी की सुविधाओं के प्रति स्वास्थ्य महकमा लापरवाह बना है। उन्होंने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की।ब्लॉक एकेश्वर के नौगांवखाल में सेवारत ग्राम विकास अधिकारी राहुल उप्रेती (कोट ब्लॉक के देवल गांव के मूल निवासी) की बीते शुक्रवार को तबीयत अचानक खराब हो गई। राहुल को उनकी पत्नी सीएचसी नौगांवखाल ले गईं जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत किसी कारण से हुई इसके लिए शव का पोस्टमार्टम होना था लेकिन सीएचसी में मोर्चरी नहीं होने के कारण शव को जिला मुख्यालय पौड़ी लाया गया।मृतक के परिजन नितिन उप्रेती ने आरोप लगाया कि मोर्चरी में डीप फ्रीजर खराब था, उन्हें नहीं बताया गया। डीप फ्रीजर का दरवाजा भी पूरा बंद नहीं हुआ था। शव रखने को लेकर कर्मचारियों का व्यवहार बहुत ही नकारात्मक रहा। रात होने के कारण शव नौ बजे मोर्चरी में रख दिया गया। आरोप लगाया कि कहा कि मार्ग की ओर से मोर्चरी का मेन गेट भी रातभर खुला था। सुबह जब शव को देखा तो परिजनों के होश उड़ गए, शव को चूहों ने कुतरा हुआ था। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि प्रशासन को इस घोर लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं खंड विकास अधिकारी एकेश्वर डीपीएस नेगी ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी राहुल उप्रेती पुत्र संपूर्णानंद उप्रेती बीते छह साल से ब्लॉक एकेश्वर में सेवारत रहे। उनके निधन से ब्लॉक में शोक की लहर है।





# जीतोड़ मेहनत कर आईएमए से पासआउट हुए मेडल विजेताओं ने किया गौरवान्वित



देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के इतिहास में देश-विदेश की सेना को अब तक 65,234 युवा सैन्य अधिकारी देने का गौरव जुड़ गया है। इनमें 34 मित्र देशों की सेना के 2,914 सैन्य अधिकारी शामिल हैं, जबकि बाकी अफसर भारतीय सेना के हिस्सा बने हैं। पीओपी परेड में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर, गौरव यादव, अवलर, राजस्थान, गोल्ड मेडल, गौरव यादव, अवलर, राजस्थान, सिल्वर मेडल, सौरभ बधानी, ग्वादम चमोली, उत्तराखंडब्रॉन्ज मेडल, आलोक सिंह, कानपुर, उत्तर प्रदेश सिल्वर मेडल (टीजीसी), अजय पंत, रानीखेत अल्मोड़ा, उत्तराखंड। श्रेष्ठ विदेशी कैडेट, शैलेश भट्टा (नेपाल) चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर, कोहिमा कंपनी। भारत-343, भूटान-9, मालद्वीव-4, श्रीलंका-4, मारीशस-3, नेपाल-2, म्यांमार-1, बांग्लादेश-1, तजाकिस्तान-1, उज्बेकिस्तान-1, सूडान-1, तुर्कमेस्तिान-1, किर्गिस्तान-1 भारतीय सैन्य अकादमी से हर साल सैकड़ों कैडेट पासआउट होकर सेना में अफसर बनते हैं। इनमें से कुछ ऐसे होते हैं जो अलग मुकाम हासिल करते हैं। उनकी मेहनत और काबिलियत उन्हें दूसरों से अलग करती है। जिसका, उन्हें परेड के दौरान इनाम भी मिलता है। कहते हैं अगर मन में कुछ कर गुजरने की चाहत हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। यह कर दिखाया अलवर राजस्थान के गौरव यादव ने। गौरव यादव ने न केवल आईएमए का सबसे प्रतिष्ठित अवार्ड स्वॉर्ड ऑफ ऑनर पाया बल्कि गोल्ड मेडल विजेता भी रहे। गौरव सामान्य परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता बलवंत सिंह यादव किसान हैं। मां कमलेश यादव गृहणी हैं। गौरव ने केरल पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की थी। उनके भाई विनीत कुमार सेना में नायक के पद पर कार्यरत हैं। गौरव का कहना है कि सेना में अफसर बनना उनका सपना था। इसके लिए उन्होंने जीतोड़ मेहनत की। उन्होंने पांच बार एनडीए की परीक्षा दी। चार बार वह असफल रहे लेकिन पांचवीं बार एनडीए पास किया। उन्हें एनडीए में प्रेसीडेंट गोल्ड मेडल मिला था। गौरव का कहना है कि अगर मन में जज्बा है तो कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि एक उपलब्धि मिल भी जाती है तो संतुष्ट नहीं होना चाहिए। दूसरी उपलब्धि के बारे में सोचना चाहिए। सिल्वर मेडल विजेता सौरव बधानी को ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर सिल्वर मेडल मिला है। उनके पिता हरिराम बधानी लोक निर्माण विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और मां दीपा देवी गृहणी है। भाई पंकज पंतनगर से बीटेक कर रहा है और दो बहनें हैं। जिनमें एक इंजीनियर व दूसरी मेडिकल फील्ड में तैनात है। सौरभ की प्रारंभिक शिक्षा स्कॉलर पब्लिक स्कूल से हुई। इसके बाद उनका चयन सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के लिए हुआ। जहां से 12वीं पास करने के बाद खड़वासला स्थित एनडीए ज्वाइन किया। अब आईएमए से पास आउट होकर सेना में अफसर बन गया है। अपनी सफलता का श्रेय वह अपने परिवार को देते हैं। ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर आलोक सिंह को ब्रॉन्ज मेडल मिला है। वह उत्तर प्रदेश के कानपुर (नौबस्ता) के रहने वाले हैं। पिता कल्याण सिंह सेना से सूबेदार मेजर के पद से रिटायर हुए हैं, जबकि मां का कुछ साल पहले निधन हो गया। बड़े भाई अनूप एसबीआई में कार्यरत हैं। आलोक वर्ष 2014 में सेना में भर्ती हुए थे। उसके बाद एसीसी से माध्यम से उन्हें सेना में अफसर बनने का अवसर मिला। वह कहते हैं कि सफलता हासिल करने के लिए कठोर मेहनत जरूरी है। अल्मोड़ा के अजय पंत को टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सिल्वर मेडल मिला है। उनके पिता शिव प्रकाश पंत सेना से सूबेदार रैंक से रिटायर हुए हैं, जबकि मां दामिनी देवी गृहणी है। भाई अभय होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रहा है। आर्मी स्कूल सिकंदराबाद से शिक्षा प्राप्त करने के बाद अजय पंत ने कंप्यूटर साइंस से बीटेक किया था और फिर डेढ़ साल तक ग्लोबल लॉजिक में नौकरी भी की। लेकिन, कॉरपोरेट की बजाय उन्होंने सेना को तरजीह दी। अब आईएमए से पास आउट होकर सैन्य अफसर बनने का उनका सपना पूरा हो गया है।

# मानवाधिकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद एवं विधिक जागरूकता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य की अध्यक्षता में महाविद्यालय सभागार में 10 दिसंबर मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर मानवाधिकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के अनेक विद्यार्थियों एवं प्राध्यापक कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसमें राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 बृजेश कुमार जोशी ने लास्की के कथन 'वास्तव में अधिकार सामाजिक जीवन की वह स्थिति है जिसके बिना कोई भी व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता' का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सभी को मानवाधिकारों के महत्व को समझने की आवश्यकता है। एक राष्ट्र का नागरिक होने के नाते यह प्राथमिक महत्व है कि हमें उन अधिकारों की समझ हो जिनके हम हकदार हैं। यह हमें अधिकारों का प्रयोग करने और किसी भी शोषण के खिलाफ लड़ने में मदद करेगा। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ0 अनिल सैनी ने कहा कि संविधान द्वारा भारतीय नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं। जीवन के अधिकार जैसे कुछ अधिकारों को मानवाधिकारों की वैश्विक स्वीकृति प्राप्त है और कानूनी सीमाओं के अन्तर्गत किसी भी देश में इसका उपयोग किया जा सकता है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं एन0सी0सी0 प्रभारी लेफ्टिनेन्ट डॉ0 मनप्रीत सिंह ने अधिकार एवं कर्तव्यों को एक सिक्के के दो पहलू बताया और कहा कि अधिकारों की मांग के साथ-साथ कर्तव्यों का निर्वहन भी आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ0 प्रदीप दुर्गापाल, डॉ0 योगेश पाण्डे, डॉ0 खेमकरण, डॉ0 कैलाश सहित छात्र-छात्राओं में बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर से दीपक, मनदीप कौर, अरूण चन्द्रा, सुखजीत सिंह, एवं एम0ए0 तृतीय सेमेस्टर से सोनिका और हरीश सिंह ने भी मानवाधिकार विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अन्त में छात्र/छात्राओं को मानवाधिकारों से सम्बन्धित डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर श्री दिनेश कुमार, श्री अजय फर्त्याल और श्री विकास कुमार उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**ट्रेन से कटकर रूद्रपुर....**तपस्वी व रोहित बताया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव रूद्रपुर भेजकर उनके परिजनों को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन शवगृह आ गये और उनमें कोहराम मच गया। योगेश ने पुलिस को बताया कि समारोह में शक्तिफार्म जाने से पहले सारे ग्राम सिरोलीकला गये थे । जहां से नशे के इंजेक्शन खरीदे। जिनका इस्तेमाल करने के बाद वजह टहलते हुए गौला रेलवे पुल पर आ गये और यह हादसा हो गया। मृतकों में तपस्वी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद बलराज पासी का भांजा बताया जा रहा है। जो तीन भाईयों में सबसे छोटा था। पुलिस ने दोनों मृतकों के परिजनों से भी आवश्यक जानकारी ली।

**सुखदेव के दो हत्यारे.....**टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दोनों शूटर्स नितिन फौजी और रोहित राठौड़ को चंडीगढ़ से धर दबोचा है। दोनों आरोपियों को चंडीगढ़ से जयपुर लाकर पूछताछ की जाएगी। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन और जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ के निर्देशन पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस रविवार को पूरा मामले का खुलासा कर सकती है। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन के मुताबिक प्रकरण की जांच कर रही एसआईटी को बड़ी सफलता मिली है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या करने वाले शूटर्स नितिन फौजी और रोहित राठौड़ को राउंडअप करने के लिए ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया गया था।वहीं, एनआईए मिलिट्री इंटेलिजेंस और दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीमें भी आरोपियों की तलाश कर रही थीं। दोनों आरोपियों पर 5-5 लाख रुपये का इनाम रखा गया था। इससे पहले शनिवार को पुलिस ने दोनों शूटर्स का सहयोग करने वाले महेंद्रगढ़ हरियाणा निवासी आरोपी रामवीर जाट को गिरफ्तार किया था। आरोपी रामवीर शूटर नितिन फौजी का खास दोस्त है। रामवीर ने जयपुर में दोनों शूटर्स को सहयोग किया था। हत्या के बाद दोनों आरोपियों को मोटरसाइकिल से बस में बिठाकर भगाया था। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ के मुताबिक 5 दिसंबर को सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की दो शूटर्स नितिन फौजी और रोहित राठौड़ ने श्याम नगर इलाके में अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या की थी। गिरफ्तार किए गए आरोपी रामवीर की ओर से शूटर नितिन फौजी को जयपुर में पूरी व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई थी। आरोपी रामवीर शूटर नितिन फौजी का घनिष्ठ दोस्त है। रामवीर सिंह जाट और नितिन फौजी के गांव आसपास हैं। रामवीर ने नितिन फौजी की जयपुर में होटल और अपने परिचित के फ्लैट पर रुकवाने की व्यवस्था की थी। वारदात के बाद अजमेर रोड से नितिन फौजी और रोहित राठौड़ को मोटरसाइकिल पर लेकर बगरू टोल प्लाजा से आगे नागौर डिपो की राजस्थान रोडवेज बस में बिठाकर फरार करवाया था। राजधानी जयपुर के श्याम नगर थाना इलाके में 5 दिसंबर मंगलवार दोपहर को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बदमाशों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की और सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को चार गोली मारी गई। जिसके बाद परिजन गोगामेड़ी को मानसरोवर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। दूसरे युवक नवीन सिंह की भी गोली लगने से मौत हो गई थी। वहीं, सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का प्राइवेट सुरक्षा कर्मी अजीत सिंह गंभीर घायल हो गया था। वारदात के बाद बदमाश एक स्कूटी पर फायरिंग कर स्कूटी लूटकर फरार हो गए थे।

**सभी एक परमपिता की.....**दूर हों। उन्होंने कहा परमात्मा सभी इंसानों में बसता है। मनुष्य अपना सारा जीवन सुख की खोज में व्यतीत कर देता है। वह सुख, जो स्थाई हो, निरंतर हो। पर जब जब भी हम सांसारिक पदार्थों में इस सुख को पाने का प्रयास करते है, हम स्वयं को असक्ति और अहंकार के चक्रव्यूह में फंसा पाते हैं। उन्होंने कहा कि अंधकार का धुआं छटेगा तभी मन को सकून मिलेगा। उन्होंने कहा कि परमात्मा हमेशा हमारे सामने रहता है। उलझनों से निकलने के लिए परमात्मा का सहारा लें। इस मौके पर राजपिता रमित चानना (दिल्ली), एचएस चावला (लुधियाना), राजकपूर, सुरेन्द्र सिंह, बलदेव सिंह, राधेश्याम, सुरेन्द्र चावला, गगन भाटिया, निर्मल वर्मा, किशन लाल नारंग, राजेन्द्र अरोरा, चरनजीत सिंह, दीदार सिंह, अनिल सिंह, गोपाल आर्य, मनीष सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे। सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं को लंगर प्रसाद वितरित किया गया।

**आठ बरातियों की ...**चालक और हेल्पर फरार हो गए। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान भी मौके पर पहुंचे। रात करीब ढाई बजे सभी मृतकों की पहचान इरफान पुत्र भूरे मो आरिफ पुत्र मन्नी शादाब पुत्र अब्दुल माजिद आसिफ पुत्र शमीम आलिम पुत्र जाहिद अली अय्यूब पुत्र यूनिस मुन्ने पुत्र इस्माइल आसिफ पुत्र यूसुफ के तौर पर हुई।

**नही रूक रही कबूतरबाजी...**पत्र भी वीजा फाईलिंग एवं कालेज में एडमिशन हेतु दे दिये थे। परन्तु जीतेन्द्र, सतेन्द्र व जसपाल द्वारा जानबूझकर फर्जी दस्तावेज लगाकर उसके पुत्र का वीजा प्रार्थना पत्र खारिज करवा दिया तथा 5 वर्ष का बैन लगवा दिया और जीआईसी की धनराशि को पुत्र के खाते वाले बैंक में वापस मंगवाकर 25 सितम्बर 2023 को अपने मोबाईल के माध्यम से अंयंत्र जीआईसी की धनराशि व पहले से पड़े 15 हजार रूपये ट्रांसफर कर निकाल लिए। उपरोक्त लोगो द्वारा छल कपट कर उससे 7,89,998 रूपये लगभग हडप लिए है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स ने खसरा और रूबेला टीका लॉन्च किया

देहरादून(उद संवाददाता)। इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड ने अपने प्रभाग ह्यूमन बायोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (एचबीआई) के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर खसरा और रूबेला को रोकने वाला टीका लॉन्च किया। उधगमंडलम (ऊटी) के शांत परिसर में देश के विभिन्न हिस्सों से जुटे प्रतिष्ठित चिकित्सा डॉक्टरों के साथ एचबीआई के 25वें वर्ष का जश्न मनाते हुए, आईआईएल ने खसरा और रूबेला से बच्चों के बचाव के लिए मेबेल्ला टीएम (डमइमससं) टीका लॉन्च किया। यह लाइव अटेन्यूएटेड एमआर वैक्सीन आईआईएल द्वारा पॉलीवैक इंस्टीट्यूट, वियतनाम के साथ एक विशेष साझेदारी में विकसित किया गया है। व्यापक मानव नैदानिक परीक्षणों के माध्यम से, मेबेल्ला टीएम सुरक्षित और प्रभावी साबित हुआ है। इस अवसर पर इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स के प्रबंध निदेशक डॉ. के आनंद कुमार ने कहा कि कंपनी ने अपने 25 वर्षों के सफर में रोग नियंत्रण और कई जीवनरक्षक टीकों को लॉन्च कर बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने आईआईएल द्वारा देश में किए गए महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताते हुये कहा कि आईआईएल अब यूआईपी, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को मानव टीकों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक के रूप में उभरा है, जिससे कई कीमती जिंदगियां बचाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एचबीआई की स्थापना ऐसे समय में की गई थी जब स्वदेशी टीकों की आवश्यकता थी,ऐसे समय में आईआईएल ने आगे आकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दिया। आईआईएल दुनिया भर के 50 से अधिक देशों में गुणवत्तापूर्ण टीके निर्यात भी करता है।आज मेबेल्ला टीएम (खसरा और रूबेला वैक्सीन) के लॉन्च के दौरान उन्होंने खसरा और रूबेला पर जागरूकता लाने की बात करते हुये इसको नियंत्रित करने पर भी बल दिया गया। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में यह बीमारी 1 लाख बच्चों की जान ले लेती है। उन्होंने कहा कि आईआईएल गुणवत्तापूर्ण टीकों का उत्पादन करने के लिए आधुनिक विनिर्माण प्रथाओं को अपनाता है और राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उसके पास पर्याप्त बुनियादी ढांचा है। पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ पैकेजिंग को लागू करके, आईआईएल ने प्रति वर्ष 160 टन प्लास्टिक बचाया है।

# खेल महाकुंभ में ग्रीन वर्ल्ड स्कूल ने बनाई बढ़त

शक्तिफाम। खेल महाकुम्भ के जिला स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम दिन सितारगंज ब्लॉक ने एकमात्र स्वर्ण पदक ऊँची कूद में ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के वंश चौधरी ने अपनी झोली में डाला वही दूसरे दिन बालिका वर्ग में अंडर14 में टेबल टेनिस में कल्पना रावत व खुशी बिष्ट ने रजत पदक,बैडमिंटन में आरुषि



साहनी व उन्नति सिंह ने रजत पदक,अंडर 17 में गोला फेंक में अर्चना कौर ने स्वर्ण पदक,चक्का फेंक में श्रेया साहनी रजत पदक ,ऊँची कूद में प्रेरणा रावत ने स्वर्ण, टेबल टेनिस में प्रेरणा रावत व पावनी राणा ने स्वर्ण, टेबल टेनिस मिक्स में रोनित सरकार व जयश्री मंडल ने कांस्य,बैडमिंटन डबल में सौम्या रावत व दीक्षिता टंडन ने रजत पदक प्राप्त किया। अंडर 19 में टेबल टेनिस में तनुजा पोखरिया व संजना नेगी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन नवीन जोशी , प्रधानाचार्य,उपप्रधानाचार्य ने व्यायाम शिक्षकों प्रकाश बोरा,प्रदीप कुमार,सुमन्त बिश्वाश,पुष्पा फर्त्याल सहित समस्त स्टाफ को ढेरों बधाइयां दी।

# नगदी जेवर समेट महिला घर से लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र से एक महिला घर से हजारों की नगदी तथा सोने चांदी के जेवरात समेटकर घर से लापता हो गई। उसके पति ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है। शास्त्री नगर, ट्रांजिट कैम्प निवासी शंकर सिंह यादव पुत्र डाल चन्द का कहना है कि 7 दिसंबर को सुबह उसकी 38 वर्षीय पत्नी उसकी गैर मौजूदगी में घर से बिना बताए कही चली गई। पत्नी की सभी सम्भावित जगह व रिस्तेदारी में खोजबीन की लेकिन उसका कही पर पता नही चला । शंकर का कहना है कि उसकी पत्नी घर से करीब 80 हजार रुपए नगद, एक जोड़ी सोने के कुण्डल, एक अंगूठी, एक जोड़ी सोने की झुमकी, चॉदी की एक जोड़ी पायल, सोने की नथूनी, सोने का लॉकेट भी अपने साथ ले गई है। उसे संदेह है कि उसकी पत्नी को बसुन्धरा कालोनी की निवासी व्यक्ति, उसकी पत्नी, दामाद तथा उसका भाई बहला फुसलाकर अगवा कर ले गए हैं।

# जेठ पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने जेठ पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में चन्दा पत्नी संजीत साहनी निवासी भूरारानी वार्ड 32 ने कहा है कि 9 दिसम्बर को दोपहर उसके जेठ संजय साहनी ने उसे अकेला पाकर जान से मारने की नियत से लोहे की रॉड से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे उसे गम्भीर व गुम चोटे आयी है। जब वह बेहोश हो गई तो बेहोशी हालत में छोडकर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू माँ
Galaxy
Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000
HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade
bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Secured by Knox
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Galaxy S23 FE
Own at
₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic,
Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank,
Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI
OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन